# OFFICE OF THE CONTROLLER OF EXAMINATIONS
## ST. PAUL TEACHERS' TRAINING COLLEGE BIRSINGHPUR, SAMASTIPUR
*An Autonomous Higher Educational Institute, Affiliated to L.N. M.University, Darbhanga*
*Mob.- 9451173282, Email- coespttcb@gmail.com*


पत्र सं.: SPTTCB/Exam/2026/015-1

दिनांक: 23/06/2026

## सूचना के अधिकार (RTI) के अंतर्गत उत्तर-पुस्तिका शुल्क नियम, 2026

**1. परिचय-** यह नियम सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 7 एवं सूचना का अधिकार (शुल्क एवं लागत विनियमन) नियम, 2005 के नियम 4 के अनुरूप बनाया गया है। यह केंद्रीय सूचना आयोग के आदेश CIC/SA/C/2015/901116 (Abner Ingty बनाम CPIO, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिनांक 15.01.2016) के अनुपालन में है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि मूल्यांकित उत्तर-पुस्तिका RTI अधिनियम की धारा 2(f) के अंतर्गत 'सूचना' है, और सामान्य परीक्षा नियमों के अंतर्गत निर्धारित उच्च शुल्क RTI अधिनियम की धारा 22 के प्रावधानों पर प्रभावी नहीं हो सकता।

**2. उपयोगिता-** यह नियम महाविद्यालय के पाठ्यक्रमों के अभ्यर्थियों द्वारा RTI अधिनियम के अंतर्गत अपनी मूल्यांकित उत्तर-पुस्तिका की प्रति हेतु प्रस्तुत सभी आवेदनों पर लागू होगा। यह सामान्य पुनर्मूल्यांकन (re-evaluation) एवं पुनर्जांच (re-checking) हेतु महाविद्यालय की पृथक परीक्षा-शुल्क अनुसूची पर लागू नहीं होता – वह प्रक्रिया परीक्षा नियंत्रक द्वारा पृथक रूप से विनियमित रहेगी।

**3. शुल्क अनुसूची**

| प्रयोजन | शुल्क | प्राधिकार |
|---|---|---|
| आवेदन शुल्क (प्रति RTI आवेदन) | ₹10 | नियम 3 |
| उत्तर-पुस्तिका प्रति, प्रति पृष्ठ (A4/A3) | ₹2 | नियम 4(a) |
| बड़े आकार की प्रति | वास्तविक लागत | नियम 4(b) |
| अभिलेख निरीक्षण, प्रथम घंटा | निःशुल्क | नियम 4(d) |
| अभिलेख निरीक्षण, अतिरिक्त प्रत्येक घंटा | ₹5 | नियम 4(d) |
| डिस्केट/फ्लॉपी | ₹50 | नियम 5(1)(a) |

**4. समय-सीमा-** परिणाम घोषणा के पश्चात, अभिलेख प्रतिधारण (record retention) अवधि के दौरान कभी भी आवेदन स्वीकार किया जाएगा।

**5. विशेषताएं**

- किसी भी परिस्थिति में उत्तर-पुस्तिका प्रति हेतु ₹2/पृष्ठ से अधिक शुल्क नहीं लिया जाएगा।
- सामान्य परीक्षा-शुल्क अधिसूचना (यदि कोई हो) को RTI आवेदनों पर लागू नहीं किया जाएगा।
- शुल्क का भुगतान नकद रसीद, डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक अथवा भारतीय पोस्टल ऑर्डर द्वारा महाविद्यालय के अकाउंट में किया जाएगा।

**6. सक्षम प्राधिकार**

इस नियम का क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षण परीक्षा नियंत्रक कार्यालय द्वारा किया जाएगा।

Controller of Examination
परीक्षा नियंत्रक
SPTTC BIRSINGHPUR,
SAMASTIPUR, (BIHAR)

# OFFICE OF THE CONTROLLER OF EXAMINATIONS
## ST. PAUL TEACHERS' TRAINING COLLEGE BIRSINGHPUR, SAMASTIPUR
*An Autonomous Higher Educational Institute, Affiliated to L.N. M.University, Darbhanga*
*Mob.- 9451173282, Email- coesptteb@gmail.com*


Letter No.: SPTTCB/Exam/2026/015/01

Date: 23/06/2026

**RTI Fee Rules for Answer-Book Copies, 2026**

**1. Legal Basis-** Framed under Section 7 of the RTI Act, 2005 and Rule 4 of the RTI (Regulation of Fee and Cost) Rules, 2005, in compliance with CIC Order No. CIC/SA/C/2015/901116 dated 15.01.2016, which held that an evaluated answer-book is 'information' under Section 2(f) of the RTI Act and that general examination-fee schedules cannot override the RTI Act by virtue of Section 22.

**2. Applicability-** Applies to all requests filed under the RTI Act by Students seeking a copy of their own evaluated answer-book. It does NOT govern the College's separate examination fee schedule for re-evaluation or re-checking, which remains regulated independently by the Examination Controller.

**3. Fee Schedule**

| Purpose | Fee | Basis |
|---|---|---|
| Application fee (per RTI request) | ₹10 | Rule 3 |
| Answer-book copy, per page (A4/A3) | ₹2 | Rule 4(a) |
| Larger-size paper copy | Actual cost | Rule 4(b) |
| Inspection, first hour | Nil | Rule 4(d) |
| Inspection, each subsequent hour | ₹5 | Rule 4(d) |
| Diskette or floppy | ₹50 | Rule 5(1)(a) |

**4. Time Window-** Applications will be accepted at any time after declaration of results, for as long as the answer-books are retained under the College's record-retention policy.

**5. Key Restrictions**

- Under no circumstance shall more than ₹2/page be charged for an answer-book copy.
- The College's general examination-fee notification, if any, shall not be applied to RTI requests.
- Fees are payable by cash receipt, demand draft, banker's cheque, or Indian Postal Order in favour of the College Accounts Officer.

**6. Competent Authority-** Implementation and oversight rest with the Examination Controller Office.

Examination Controller

Controller of Examination
SPTTC BIRSINGHPUR,